कार्यालय प्राचार्य, महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार

Phone No. – 07292-223729 E-Mail :- hegpgcdha@mp.gov.in

क्रमांक/408/2024 धार, दिनांक 04/03/2024

// विज्ञप्ति//

धार जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में आउट सोर्स से स्वीकृत रिक्त पद हेतु कलेक्टर दर पर दैनिक मजदूरी पर अस्थाई रूप से निम्नानुसार पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

स.क्र.	महाविद्यालय का नाम	पदनाम						
		सहायक वर्ग 3	बुक लिफ्टर	चौकीदार	भृत्य	स्वीपर	प्रयोगशाला तकनीशियन	प्रयोगशाला परिचारक
		1	2	3	4	5	6	7
1	शा. पी.जी. महा., धार	-	-	2	-	1	-	-
2	शा. कन्या महा., धार	-	-	2	-	1	-	-
3	शा. महा. कानवन	1	1	1	1	1	-	-
4	शास. महा. बिडवाल	1	1	1	1	1	-	-
5	शा. महा. मनावर	-	-	2	-	1	3	3
6	शा. महा. बदनावर	-	-	-	-	-	4	4
7	शा. महा. गंधवानी	-	1	-	-	1	-	-
8	शा. महा. उमरबन	1	1	1	1	1	2	2
9	शा. महा. बाग	-	1	-	-	1	-	-
10	शा. महा. धामनोद	-	-	-	-	-	4	4
11	शा. महा. सरदारपुर	-	-	-	-	-	-	4

धार जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में उक्त आउटसोर्स के स्वीकृत व रिक्त पद के विरूद्ध कलेक्टर दर पर दैनिक मजदूरी आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है वे आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य के पते पर समाचार पत्रों में प्रकाशित तिथि से 10 दिवस में भेजे तथा लिफाफे पर पद का नाम लिखा जाना आवश्यक होगा।

निर्धारित योग्यता -

1- पद क्रमांक-1 में शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण तथा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग पत्र लेखन तथा कम्प्यूटर का समस्त ज्ञान होना अनिवार्य होगा। कम्प्यूटर ज्ञान हेतु अग्रणी महाविद्यालय द्वारा एक परीक्षा आयोजित की जावेगी जिसमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

2- पद क्रमांक 2,3,4,5 में अनिवार्य शैक्षणिक योग्याता आठवी कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

3- पद क्रमांक 6 में अनिवार्य शैक्षणिक योग्याता बी.एस.सी. उत्तीर्ण किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होना चाहिए। कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग पत्र लेखन तथा कम्प्यूटर का समस्त ज्ञान होना अनिवार्य होगा। कम्प्यूटर ज्ञान हेतु अग्रणी महाविद्यालय द्वारा एक परीक्षा आयोजित की जावेगी जिसमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

4- पद क्रमांक-7 में शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

5-उपरोक्त सभी पदों में शासकीय कार्यालयों में कार्य करने का अनुभव एक वर्ष होने पर 4 अंक अथवा 01 वर्ष से कम होने पर आनुपातिक अंक में कमी की जावेगी तथा अनुभव 4 वर्षो तक होने पर अधिकतम 16 अंक रहेगा।

अन्य शर्ते –

- चतुर्थ श्रेणी के पदो की भर्ती में स्थानीय आवेदकों को प्राथमिकता दी जावेगी।
- उपरोक्त सभी पद आउट सोर्स के पदो के विरूद्ध अस्थाई होकर प्रतिदिन के लिए आमंत्रित होगें एवं मध्यप्रदेश शासकीय सेवा का भाग न होकर कलेक्टर द्वारा निर्धारित मजदूरी के आधार पर रहेगें। जो किसी बिना पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। कार्य संतोषजनक न होने पर संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आमंत्रित पद से आमंत्रण रद्द कर दिया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की रहेगी।
- आवेदन पत्र में सम्पूर्ण बायोडेटा दर्शाते हुए आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करते हुए प्रेषित करे । चयन के समय आवेदकों को मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उपरोक्त प्रकिया परिवर्तन स्थगित, निरस्त अथवा संशोधित एवं रिक्त पदो की संख्या में परिवर्तन करने का सम्पूर्ण अधिकार जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य को रहेगा।
- आवेदक आवेदन पत्र में - आवेदक का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जाति, जन्मतिथि, आधार नम्बर, निवास का पता, मोबाईल नम्बर, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र आदि के साथ अंत में आवेदक के हस्ताक्षर एवं नाम का विवरण होना चाहिए।

(डॉ एस. एस. बघेल)

प्राचार्य,शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार,म.प्र.